<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12 मई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने भारत–पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के किसी भी उल्लंघन मामले पर जवाबी कार्रवाई के लिये सेना के कमाण्डरों को दिये पूर्ण अधिकार।
- लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस परीक्षण सुविधा का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया वर्चुअली उद्‌घाटन। कहा– ब्रह्मोस देश की सशस्त्र सेनाओं की क्षमता का संदेश।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में सबने देखी ब्रह्मोस मिसाइल के पराक्रम की झलक।
- श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में आज मनाया जा रहा हैं बुद्ध पूर्णिमा का पर्व। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी नागरिकों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई।

**********

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम और शनिवार रात पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के बाद कल पश्चिमी सीमाओं के सेना कमाण्डरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना प्रमुख ने भारत–पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों की वार्ता के बाद बनी सहमति के किसी भी उल्लंघन के मामले में, जवाबी कार्रवाई के लिए सेना कमांडरों को पूर्ण अधिकार दिए हैं।

उधर, भारतीय सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक– डीजीएमओ, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में सौ से अधिक बडे आतंकवादी मारे गए हैं। नई दिल्ली में कल शाम तीनों सेनाओं की प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि इन आतंकवादियों में यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे आतंकवादी शामिल हैं, जो आईसी–आठ सौ चौदह के अपहरण और पुलवामा विस्फोट में शामिल थे। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ को एक और हॉटलाइन संदेश भेजकर बताया गया है कि अगर संघर्ष विराम पर सहमति का उल्लंघन होता है, तो इसका जवाब सख्ती से और दंडात्मक तरीके से दिया जाएगा।

**********

इस बीच, सरकार की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि अगर भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित कोई संदिग्ध जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को जरूर दें। ऐसी सामग्री को व्हाट्सएप नंबर आठ सात नौ नौ सात एक एक दो पांच नौ और ईमेल आईडी सोशल मीडिया एट पीआईबी डॉट जीओवी डॉट इन पर साझा कर सकते हैं।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर महज़ सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा शक्ति का प्रतीक है। कल लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एण्ड टेस्टिंग फेसिलिटी का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति और सैन्य शक्ति का पता चलता है।

***भारत में आतंकवादी घटनाएं करने और कराने का क्या अंजाम होता है, ये पूरे विश्व ने उरी की घटना के बाद देखा जो हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा के बाद देखा जब बालाकोट तक एयर स्ट्राइक की गई और अब पहलगाम की घटना के बाद दुनिया देख रही है कि जब भारत ने पाकिस्तान के भीतर घुसकर मल्टीपल स्ट्राइक्स की। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है। ये आतंक के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कार्रवाई करेगा।***

रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस दुनिया के सबसे तेज़ सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों में से है और यह केवल अस्त्र नहीं है बल्कि अपने आप में देश की सशस्त्र सेनाओं की क्षमता का संदेश है। श्री सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर का गौरव होगा।

***यह निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की गति को और तेज करेगा। हमारा सपना है कि उत्तर प्रदेश दुनिया के टॉप डिफेंस प्रोडक्शन और एक स्पोर्ट डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाए। आज जो ब्रह्मोस फैसिलिटी शुरू हो रही है, मैं समझता हूँ वह यूपी डिफेंस कॉरिडॉर का यह गौरव होगा। यह सिर्फ उत्तर प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का सबसे बड़ा ब्रह्मोस इंटिग्रेशन एण्ड टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर है। यह रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास को भी मजबूती प्रदान करेगा।***

उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया। श्री योगी ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल के पराक्रम की झलक सभी ने ऑपरेशन सिंदूर के अंदर देखी होगी। उन्होंने कहा कि आज रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ निर्यात में बढ़ोत्तरी हो रही है।

***लगभग 7 यूनिट यहाँ पर ब्रह्मोस से जुड़ी हुई एंकर यूनिट भी इसके अगल–बगल लग रही है, ये चीजें दिखाती हैं कि जो कभी 2013–14 में भारत के अंदर भारत का जो निर्यात था रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में, आज हम उससे कई गुना ज्यादा, या निकई सौ गुना ज्यादा रक्षा उत्पादन निर्यात भी कर रहे हैं और आत्मनिर्भरता के साथ–साथ दुनिया के तमाम अपने मित्र देशों को इसको निर्यात करके उनकी सुरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ती करने का काम भी कर रहे हैं।***

इस दौरान रक्षा उत्पादन से जुड़ी पुस्तक 'ब्रह्मांड' का भी विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल से गोरखपुर दौरे पर हैं। वह आज गोरखपुर में नागरिक सुविधाओं से जुड़ी दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं नगरीय सेवा केन्द्र और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करेंगे। नगर निगम की इन दोनों परियोजनाओं पर चौदह करोड़ बाइस लाख रूपये की लागत आयी है। नगरीय सेवा केन्द्र के जरिये नागरिकों को एक छत के नीचे नगर निगम की सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी जबकि सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर घर पर अकेले रहने वाले बुजुर्गों के लिये काफी सुविधाजनक होगा।

इसके पहले कल मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में क्रिया योग को वैश्विक पहचान दिलाने वाले परमहंस श्री योगानंद की जन्मस्थली के पर्यटन विकास के लिए सत्ताइस करोड़ अड़सठ लाख रूपये की परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल है और इसके चलते तेजी से विकास हो रहा है।

***सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाया गया है, सुरक्षा का जो माहौल बना है प्रदेश में आज उसी का परिणाम है। प्रदेश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। गोरखपुर हो, काशी हो, अयोध्या हो, प्रयागराज हो, लखनऊ हो या प्रदेश का कोई अन्य सिटी, कोई अन्य जनपद विकास भी कर रहा है, विरासत का संरक्षण हो रहा है तो युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है।***

**********

प्रदेश सरकार ने बारह और नये उत्पादों को 'एक जिला एक उत्पाद' योजना– ओडीओपी में शामिल किया है। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि नये उत्पादों में बागपत के लिये कृषि सम्बन्धी उपकरण, सहारनपुर के होजरी उत्पाद, फिरोजाबाद के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, गाजियाबाद के मेटल उत्पाद, अमरोहा के मेटल और वुडेन हैण्डीक्राफ्ट, आगरा के पेठा उद्योग और सभी प्रकार के फुटवेयर, हमीरपुर के मेटल उत्पाद, बरेली के लकड़ी उत्पाद, एटा के चिकोरी उत्पाद, प्रतापगढ़ का खाद्य प्रसंस्करण, बिजनौर का ब्रश और बलिया का सत्तू शामिल है।

**********

लखनऊ के मोहनलालगंज में सूर्य बक्स पाल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी–पीपीपी मॉडल पर शुरु किये गये सूर्या सैनिक स्कूल का कल औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस स्कूल में पठन– पाठन का कार्य वर्तमान शैक्षणिक सत्र से शुरु हो चुका है। उद्घाटन समारोह में लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल, प्रदेश सैनिक कल्याण निगम के निदेशक ब्रिगेडियर अतुल कुमार सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि देश भर में पीपीपी मॉडल पर आधारित सैनिक स्कूल खोलने का उद्देश्य युवाओं को अधिक अवसर मुहैया कराना है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की देश भर में पीपीपी माडल पर आधारित सौ सैनिक स्कूलों को खोलने की योजना है। ये सभी सैनिक स्कूल रक्षा मंत्रालय के सैनिक स्कूल सोसायटी से संबद्ध होंगे।

**********

बुद्ध पूर्णिमा का पर्व आज पूरे प्रदेश में श्रद्धा, भक्ति–भाव और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस तिथि को भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था और साथ ही इसी तिथि पर उन्हें बोधि और महापरिनिर्वाण की प्राप्ति हुयी थी। बुद्ध पूर्णिमा को लेकर भगवान बुद्ध से जुड़े प्रमुख स्थलों विशेष कर महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर और उनके पहले उपदेश स्थल सारनाथ में विशेष आयोजन किये जा रहे हैं। कुशीनगर में आज रथयात्रा भी निकाली जायेगी, जिसमें म्यामार के राजदूत जो ऊ बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं।

**********